तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक तक ट्रेलर चालकों की थी दंबगई, पुलिस की गिरी गाज



## खबर संक्षेप

### गौधामों का सीएम ने किया वर्चुअल शुभारंभ

**कोरबा।** जिले में घूमंतु एवं आवारा गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण के उदेश्य से राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजमार्गों के समीप गौधामों की स्थापना की परिकल्पना की गई है। इसी परिकल्पना को धरातल पर उतारते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा लाखासार गौधाम, बिलासपुर में पूजन एवं औपचारिक उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत उन्होंने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के सभागार से प्रदेश के सभी स्वीकृत गौधामों का वर्चुअल उद्घाटन किया, जिनमें कोरबा जिले के तीन गौधाम भी सम्मिलित रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें विभिन्न गौधाम समितियों के प्रतिनिधि, सदस्य तथा बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्राम महोरा, पोंड़ी उपरोड़ा के गौधाम सदस्य लक्ष्मी नारायण अग्रवाल से संवाद कर गौधामों की अवधारणा को प्रभावी रूप से लागू करने तथा उनके सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### पार्षद ने किया सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**कोरबा।** नगर निगम वार्ड क्रमांक 40 के अंतर्गत आने वाले संतोषी मंदिर के पास सीसी रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर निगम वार्ड क्रमांक 40 पार्षद रजत खूंटे ने किया गया। उक्त स्थान में रोड़ व नाली खराब होने के कारण बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे। जिससे आने जाने वालों को परेशानीयों का सामना करना पड़ता था, जिस पर वार्ड के नागरिकों ने लगातार सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य के लिए मांग की जा रही थी, मांगों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पार्षद ने शुक्रवार को भूमिपूजन से कार्य प्रारंभ किया गया। निर्माण कार्य के लिए वार्डवासीयों ने पार्षद रजत खूंटे का आभार व्यक्त किया है। रजत खूंटे ने ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ एवं जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान संजीव कश्यप, बंटी कश्यप, खेमेन्द्र रजवाड़े, मनीष पांडेय, नरेंद्र गोयल, अविनाश पटेल, पारसनाथ भारती, बबलू शराफ, चन्द्रशेखर यादव, शुभम गोस्वामी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### दादी हृदयमोहिनी का जीवन सेवा में समर्पित रहा


**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कोरबा में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी हृदयमोहिनी के 5वें स्मृति दिवस के अवसर पर एक भावपूर्ण स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीके भाई-बहन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वरीय स्मृति एवं मधुर गीत से हुई। इसके पश्चात उपस्थित सभी बी. के बहनों द्वारा दादी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। साथ ही बी.के. सदस्यों द्वारा भी श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कई बीके बहनों ने दादी के साथ बिताए अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि दादी हृदयमोहिनी का जीवन सादगी, सेवा और आध्यात्मिकता का अद्भुत उदाहरण था।

### रेड क्रॉस सोसायटी ने किया फल का वितरण

**कोरबा।** रमजान के पवित्र माह के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोरबा द्वारा शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती लगभग 250 मरीजों को विभिन्न प्रकार के फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।
यह कार्यक्रम इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी कोरबा के संरक्षक मो. शफी के सौजन्य से आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य रमजान के पावन अवसर पर समाज में एकता, भाईचारा और मानवता का संदेश फैलाना है।





हिन्दू नववर्ष की तैयारी के लिए शहर के मुख्य चौक चौराहा व सड़कों को इस तरह आकर्षक लाईट के माध्यम से सजाया व संवारा गया है।

### कोसाबाड़ी से लेकर सीतामणी तक लोगों की रहती है भीड़, लगभग 7 सौ पुलिस अधिकारी कर्मचारी किए जाएंगे तैनात

# हिन्दू नववर्ष के लिए शहर सजकर तैयार, ड्रोन से पुलिस करेगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हिंदू नव वर्ष के अवसर पर शहर में दो प्रमुख हिंदू संगठनों द्वारा विशाल रैली और झांकियां निकाली जाती है। इसके लिए शहर को सजाने संवारने का काम जोर-शोर से चल रहा है और वहीं दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की खामी ना रहे इसके लिए प्रशासन और पुलिस की टीम ने भी तैयारी शुरू कर दी है। शहर के प्रमुख मार्ग को इसके लिए बंद भी किया जा सकता है क्योंकि रैली के दौरान लोगों की भारी विशाल भीड़ और झांकियां निकलती है सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन और पुलिस इसके लिए तैयारी में जुटा हुआ है। बताया जाता है कि इस बार पुलिस प्रशासन द्वारा दोनों रैलियों पर ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से हिंदू नव वर्ष के अवसर पर शहर के सीतामणी से लेकर टीपी नगर और कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर से टीपी नगर तक दो प्रमुख हिंदू संगठनों द्वारा विशाल जुलूस और झांकी निकाली जाती है। जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से झांकी, डांस सहित डीजे व अन्य तरह के नाटक कलाकार बुलाए जाते हैं। इस बार भी दोनों संगठनों ने जोर-शोर से तैयारी की है और प्रदेश के विभिन्न राज्यों से ऐसे ही झांकी प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को बुलाया गया है जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। यह रैली शहर के हृदय स्थल से होकर गुजरता है और शहर के हृदय स्थल में ही बंद होता है। रैली दोपहर को शुरू होती है और देर रात तक चलती है इसके मद्देनजर शहर के प्रमुख मार्ग कोसाबाड़ी से लेकर सीतामणी तक मुख्यमार्ग को बंद किया जाता हैं। हिंदू नववर्ष की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है मात्र तीन दिन है शेष है। ऐसे में शहर के चारों तरफ संगठनों द्वारा सजाने संवारने का काम अंतिम चरण पर है। शहर में चारों तरफ लाइटिंग व आकर्षक झालर लगाए हैं जिसकी वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है तो वहीं दूसरी ओर इस रैली को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखनलाल पटले व नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की टीम लगी हुई है। बताया जाता है कि पुलिस अफसर द्वारा इसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है और चप्पे चप्पे पर पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। इस बार पुलिस प्रशासन द्वारा दोनों रैलियों पर ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी। बताया जाता है कि लगभग 6 सौ से 7 सौ पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ड्यूटी रैली में लगाई जाएगी।

#### ड्रोन से होगी विशेष नजर

हिन्दू नववर्ष के लिए शहर में दो प्रमुख कार्यक्रम होते हैं जिसके लिए पुलिस सभी तैयारियां शुरु कर दी है। लगभग 6 से 7 सौ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरा के माध्यम से सीधे निगरानी की जाएगी। प्रत्येक रैली में अलग अलग स्थानों पर पुलिस के अधिकारी कर्मचारी सादे वर्दी में भी तैनात रहेंगे।
**-प्रतीक चतुर्वेदी,** नगर पुलिस अधीक्षक

#### दीगर जिलों से भी बुलाया जा रहा है बल

पिछले कुछ वर्षों के दौरान जिले में हिंदू नववर्ष को धूमधाम से मनाया जाता है और खासतौर पर झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में आम जनता की भीड़ उमड़ी रहती है। इस दौरान खतरा भी बना रहता है और किसी तरह की सुरक्षा में चूक ना हो इसके लिए पुलिस के अधिकारी हर बिंदुओं को लेकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बताया जाता है कि सुरक्षा में पुलिस की चाक चौबंद बनी रहे इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों से पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को बुलाया जा रहा है। दीगर जिलों से बल आने के बाद उनकी एक दिन पहले ही ड्यूटी लगा दी जाएगी और जिला पुलिस के अफसर के साथ दीगर जिलों से पहुंचे पुलिस के अधिकारी कर्मचारी शहर के चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे।

## आधा मार्च गुजरा और अभी राइस मिलर्स जिले के उपार्जन केंद्रों से नहीं उठा सके धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मार्च महीने का आधा समय गुजरने के बाद भी राइस मिलर्स जिले के उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं कर सके हैं। अभी भी उपार्जन केंद्रों में 1 लाख 45 हजार क्विंटल धान समितियों में जाम पड़ा हुआ है। जिसकी रखवाली करने में समिति कर्मचारी मजबूर हैं। जिले के राइस मिलर्स अभी भी अन्य जिलों से धान उठाव का कार्य कर रहे हैं। विभागीय अधिकारी एक माह बाद भी उठाव के कार्य में तेजी नहीं ला सके हैं।

धान खरीदी के बाद समितियों से धान का उठाव नहीं होना एक समस्या बन चुकी है। इन्हीं समस्या के बीच हाथी प्रभावित धान उपार्जद केंद्र कुदमुरा में धान की रखवाली कर रहे फड़ प्रभारी की मौत हाथी के हमले से हो गई थी उसके बाद भी जिला प्रशासन की नींद नहीं टूटी और अभी भी हाथी प्रभावित उपार्जन केंद्र चिर्रा, श्यांग, बरपाली में धान जाम पड़ा हुआ है। जितने समय तक धान समितियों में रहेगा उतनी ही सूखत की समस्या भी बढ़ती जाएगी जिसकी भरपाई समिति प्रबंधकों को करना होगा। जिले में 49 समितियां के अंतर्गत 65 उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर की गई। 15 नवंबर से इस काम को औपचारिक रूप से शुरू किया गया जो अंतिम रूप से 31 जनवरी को समाप्त हो गया। इस दौरान लगभग 17000 किसान बेचने से वंचित रहे। चौतरफ़ा दबाव बनने पर सरकार ने 5 और ⏭ शेष पेज 3 पर

#### खास बातें

- 10 साल बाद उत्पन्न हुई खरीदी खत्म होने के एक माह बाद तक धान नहीं उठने की स्थिति
- 1 लाख 45 हजार क्विंटल धान अभी भी समितियों में पड़ा है, नहीं शुरू हुआ मिलान कार्य




## सर्जिकल ब्लेड से हमले के फरार आरोपी पर 5 हजार रुपए ईनाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चाकूबाजी के मामले में फरार चल रहे आरोपी की धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपी के खिलाफ 5 हजार रुपए नगद ईनाम की घोषणा की है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीसागरपारा निवासी नानू उर्फ प्रतीक यादव पिता प्रभाकर यादव, उम्र 20 साल द्वारा विगत दिनों अपने साथी के साथ मिलकर प्रार्थी मोहन सिंह राजपुत व अन्य लोगो को सर्जिकल ब्लेड से मारकर गंभीर रुप से हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 109, 115(2), 351(3), 191(3) बीएनएस के प्रकरण में आरोपी नानू उर्फ प्रतीक यादव द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर प्रार्थी मुकेश यादव व अन्य को चाकू से मारकर गंभीर चोट पहुंचाया है। आरोपीयों द्वारा घटना कारित कर घटना दिनांक से फरार है, फरार आरोपियों की लगातार पतासाजी किया जा रहा है जिसका अब तक पता नहीं चला है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी पुलिस रेग्युलेशन के पैरा क्रमांक 80-ए में निहित प्रावधानों के अनुसार घोषणा की है कि उक्त अपराध के मुख्य आरोपी नानू उर्फ प्रतीक यादव के संबंध में जो कोई व्यक्ति ऐसी महत्वपूर्ण सूचना देगा जिससे उसकी गिरफ्तारी हो सके एवं गिरफ्तार करेगा अथवा कराएगा उसे 5 हजार रूपये के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

#### खास बात

- कोतवाली थाना क्षेत्र में विगत दिनों हमले की हुई थी घटना



आरोपी।

## इंजीनियरिंग, प्रबंधन क्षेत्रों के विभिन्न ट्रेडों में मिलेंगे अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की सबसे बड़ी कोल कंपनियों में शामिल एसईसीएल ने वर्ष 2026–27 के लिए 16 सौ अप्रेंटिस के प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह प्रशिक्षण कंपनी की विभिन्न भूमिगत एवं ओपन कास्ट खदानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में एक वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य इंजीनियरिंग, तकनीकी एवं सामान्य स्नातक क्षेत्रों के युवाओं को उद्योग से जुड़ा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे उन्हें भविष्य में बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त हो सकें। जारी अधिसूचना के अनुसार ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए 500 पद तथा टेक्नीशियन अप्रेंटिस के लिए 1100 पद निर्धारित किए गए हैं। इनमें खनन, सिविल, विद्युत, यांत्रिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार इंजीनियरिंग सहित बीबीए, बीसीए, बी.कॉम और बीएससी (केमिस्ट्री) जैसे विषयों के अभ्यर्थियों के लिए भी अवसर उपलब्ध हैं। विशेष रूप से टेक्नीशियन अप्रेंटिस (खनन इंजीनियरिंग) के लिए सर्वाधिक 9 सौ पद निर्धारित किए गए हैं, जो खनन क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## पुलिस ने चलाया विशेष अभियान 85 लोगों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में स्थयी वारंटी।

जिले में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोरबा पुलिस के द्वारा सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत ऑपरेशन शांति चलाकर स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंट की तामिली हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु कड़े निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ की गई कार्यवाही के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे 52 गिरफ्तारी वारंटी, जिनमें 33 स्थायी वारंटी शामिल हैं, को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न प्रकरणों में कुल 85 वारंटियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 11 के नागरिकों के द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग होने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसपर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सोमू तिवारी एवं छोटका प्रजापति के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।

### दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस का मैहर स्टेशन में किया स्टॉपेज, बड़ी संख्या में शहर से यात्री जाते हैं दर्शन के लिए

# शहर के यात्रियों को मैहर देवी दर्शन के लिए यात्री ट्रेन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा शहर से देवी दर्शन के लिए एकमात्र यात्री गाड़ी डोंगरगढ़ एक्सप्रेस ही है। उसके अलावा अन्य सभी ट्रेनें बिलासपुर से है। इन्हीं यात्री सुविधाओं में शहर के यात्रियों को मैहर जाने के लिए दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस की भी सुविधा मिलेगी। जो उसलापुर से निकलकर सुबह 4 बजे मैहर पहुंचेगी। रेलवे ने इस यात्री गाड़ी का स्टॉपेज मैहर में दिया है।

पिछले कुछ समय से शहर के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्रा में जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है लेकिन तमाम संघर्ष के बाद भी कोई सीधी ट्रेन कोरबा से नहीं शुरु हो सकी है। एकमात्र यात्री गाड़ी डोंगरगढ़ एक्सप्रेस ही है जो कोरबा से चलती है। इसके अलावा मध्य भारत का प्रसिद्ध देवी मंदिर मैहर जाने के लिए बिलासपुर और उसलापुर से मिलती है। इनमें बिलासपुर रीवां एक्सप्रेस जो शाम 7.20 बजे बिलासपुर से चलकर सुबह 4 बजे मैहर पहुंचती है। सबसे ज्यादा भीड़ होने की वजह से इस यात्री गाड़ी में अतिरिक्त कोच लगाना पड़ता है उसके बावजूद कंफर्म टिकट यात्रियों को नहीं मिल पाता। बिलासपुर से ही रवाना होने के कारण शहर के यात्रियों के लिए ये एक बड़ी सुविधा है। इसके अलावा सारनाथ एक्सप्रेस, गोंदिया बरौनी के अलावा गरीब रथ, बेतवा एक्सप्रेस भी है लेकिन ये सभी गाड़ियां उसलापुर से मिलती हैं। इन गाड़ियों के स्टॉपेज में मैहर भी है। इन्हीं गाड़ियों में दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस भी शामिल है जो रात 11 बजे उसलापुर से निकलकर सुबह 5 बजे मैहर पहुंचेगी। शहर से मैहर दर्शन के लिए जाने वाले उसलापुर रेलवे स्टेशन से इस यात्री गाड़ी की सुविधा ले सकते हैं।




#### अब 8 घंटा पहले बन रहा है रिजर्वेशन चार्ट

नवरात्रि का पर्व आने के कारण मैहर सहित विंध्यावासिनी विंध्याचल सहित अन्य देवी दर्शन जाने के लिए यात्रियों को कंफर्म टिकट नहीं मिल रही है। वेटिंग की संख्या सैकड़ों में पहुंच गई है। आम लोगों को तत्काल और प्रीमियम तत्काल का सहारा रहता है लेकिन वह भी काउंटर खुलते ही बहुत जल्द समय में बुक हो जाते हैं। वहीं रेलवे ने अब रिजर्वेशन चार्ट यात्री गाड़ी शुरु होने के 8 घंटा पहले तैयार करने लगा है। इससे भी यात्रियों को अब रिक्त सीट की भी जानकारी नहीं मिल पा रही है। इसके पूर्व रिजर्वेशन चार्ट यात्री गाड़ी रवाना होने के 4 घंटा पहले तैयार होता था। जिससे यात्रियों को कैंसिल टिकट की जानकारी होने पर टिकट मिल जाती थी।

### खुले पैनल बॉक्स से हो सकती है बड़ी दुर्घटना

**कोरबा।** शहर समेत उपनगर के कई ट्रांसफार्मरों के खुले पड़े और बिना ग्रिप के पैनल बॉक्स खतरा बने हुए हैं। गर्मी में बिजली उपकरणों पर लोड बढ़ेगा। माइनर फाल्ट में भी बिना ग्रिप के पैनल बॉक्स से सुधार कार्य सब स्टेशन के फीडर से बिजली सप्लाई बाधित किए बिना नहीं हो सकेगी। इससे प्रभावित क्षेत्र के दायरे बढ़ेंगे। समय रहते मेंटेनेंस कर ट्रांसफार्मरों के पैनल बॉक्स पर ग्रिप लगाने ध्यान नहीं दिया गया। गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से ट्रांसफार्मरों पर दबाव बढ़ जाता है। गर्मी से निजात पाने कूलर, एसी व पंखे का उपयोग बढ़ जाता है। इससे निर्बाध बिजली आपूर्ति चुनौती रहती है। शहर में पंचवटी विश्राम गृह मार्ग किनारे वितरण कंपनी के डिस्ट्रीब्यूशन पाइंट पर लगे ट्रांसफार्मरों के पैनल बॉक्स खुले हुए हैं।

**खबर संक्षेप**

### चाकू दिखाकर डराने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू दिखाकर लोगों को डराने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली, महाराणा प्रताप चौक व तालापारा में युवक हाथ में चाकू रखकर लोगों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस ने दोनों जगहों मे दबिश देकर जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी शेरा मिरी पिता झुराराम 33 साल, अभिषेक दिवाकर पिता होरीलाल 24 साल को पकड़कर दो नग चाकू बरामद किया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चोरी की ट्रैक्टर ट्राली सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर व ट्राली सहित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 13 मार्च को शुभम विहार बापजी रेसीडेंसी निवासी आकिब अहमद पिता रकीब अहमद 37 साल की दुकान के सामने में खड़ा ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 16 सीएन, 7187 ट्राली सहित चोरी हो गया था। पुलिस ने पतासाजी कर सीपत जांजी निवास जितेन्द्र धीवर पिता हीरालाल धीवर 35 साल को पकड़कर मस्तूरी क्षेत्र से ट्रैक्टर व ट्राली बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### पत्नी को कमेंट करने से मना करने पर पिटाई

**बिलासपुर।** पत्नी को कमेंट करने से मना करने पर युवकों ने पति के साथ जमकर मारपीट कर दी है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाले पति पत्नी गाड़ी से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार युवकों ने उनकी पत्नी को कमेंट करने लगे। महिला ने यह बात अपने पति को बताई। पति ने गाड़ी रोककर युवकों को कमेंट करने से मना किया तो युवकों ने पत्नी के सामने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर ओडिशा निवासी यखिया मानव पिता गाजिद मानन, दीपनाग पिता शंकरनाग, सुभाष धीवर पिता स्व. सत्यवीर धीवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कोयला खदान मजदूर संघ का अधिवेशन आज

**बिलासपुर।** सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ (अखिल भारतीय स्तर) द्वारा 16 मार्च को वार्षिक आमसभा सह अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जयंत क्षेत्र के कल्याण मंडपम एनसीएल में सुबह 10:30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य उद्घाटक अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष जगतनारायण सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि सीएमपीएफओ सिंगरौली के क्षेत्रीय आयुक्त नवीन निश्चल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह और संचालन ए के सिंह करेंगे। इस अधिवेशन में सेवानिवृत्त कामगारों के हितों के लिए 6 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की जाएगी, जिनमें हैं ग्रेच्युटी की सीमा को 20 व 25 लाख रुपए करना। सीएमपीएस 1998 के तहत हर 3 से 5 साल में पेंशन का पुनरीक्षण, पेंशन निर्धारण में एसडीए की गणना को पुनः बहाल करना। सीपीआरएमएस एनई चिकित्सा राशि को बढ़ाकर 75 हजार वार्षिक और अस्पताल भर्ती पर 50 लाख करने, पेंशन में देरी होने पर ब्याज सहित भुगतान सुनिश्चित करने, एनसीएल जोन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और महामंत्री प्रदीप कुमार पाण्डेय ने सभी संबंधित सदस्यों से इस अधिवेशन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

**दुकानदारों में मचा हड़कंप**

**2 माह में प्रशासन ने दिखाया तेवर, 25 हजार से 1 लाख का जुर्माना वसूला**

# खाद्य सामग्रियों में मिलावट, प्रशासन ने किया लाखों का जुर्माना

**बिलासपुर।** मिलावटी सामान, नकली और गुणवत्ताहीन खाद्य सामाग्रियों पर फूड सेफ्टी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। हाल ही में विभाग द्वारा भेजे गए प्रकरणों में दुकानदार और संचालकों पर जुर्माना लगाया गया है, जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।

अगस्त से नंवबर के बीच लिए गए खाद्य सामग्रियों के सैंपलों में मिलावटी रंग और नकली ब्रांड के सबूत मिले हैं। विभाग ने इस दौरान 30 से अधिक सैंपल रायपुर स्थित राज्य खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। इस दौरान 9 प्रकरणों में विभाग ने 2 लाख 80 हजार का जुर्माना किया है। इसके बावजूद मिलावट के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। दरअसल, मिलावट खोरों पर कार्रवाई यदाकदा ही हो पाती है। अमूमन तो वे पकड़े ही नहीं जाते, अगर पकड़े



भी जाते हैं तो नमूना भरने से लेकर जुर्माने तय होने तक की प्रक्रिया में ही अच्छा खासा समय लग जाता है। जुर्माना भी मिलावट करके कमाए गए मुनाफे के सामने कोई खास नहीं होता। लिहाजा मिलावटखोरों के हौसले बुलंद रहते हैं। खाद्य एवं औषधि विभाग की सर्वाधिक सक्रियता त्योहारों के आसपास ही रहती है। बाकी दिनों में चेकिंग की सिर्फ औपचारिकता ही निभाई जाती है। यही वजह है कि मिलावट का धंधा करने वाले काबू में नही आ रहे। दरअसल कार्रवाई के नाम पर इन पर केवल जुर्माना लगाया जा रहा है है। जब तक जुर्माना तय होता है तब तक मिलावटखोर उससे चार गुना मुनाफा कमा लेते हैं।

### इन पर लगाया जुर्माना

करीब दो महीने में एडीएम कोर्ट द्वारा विकास किराना मदनपुर को 15 हजार का जुर्माना लगाया गया है। इसी प्रकार रतनपुर के ग्लोरी परिवार ढावा 25 हजार, राय किराना स्टोर मस्तुरी 20 हजार, गोपाल किराना सरकंडा 25 हजार, जय मां कोसगई फ्रुट प्रोडक्ट पौसरा 20 हजार, राजा आलू प्यास भंडार तखतपुर 25 हजार, साहू किराना स्टोर रतनपुर 25 हजार, पंजाब मिल्क सिंधी कालोनी 25 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

### यह है नियम

नियम यह है कि यदि खाद्य पदार्थ का नमूना फेल हो जाता है, तो उसके विक्रेता, निर्माता प्रतिष्ठान को नोटिस जारी किया जाता है। इसमें कहा जाता है कि अगर वह केंद्रीय प्रयोगशाला में उस जांच रिपोर्ट को चैलेंज करना चाहता है तो अपील करे। अगर वह अपील करता है तो नमूना फिर से जांच के लिए लैब में भेज दिया जाता है। इसके लिए निर्धारित फीस संबंधित व्यक्ति को ही देनी पड़ती है। अपील न करने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाती है। इसके अलावा 30 दिन का समय नोटिस का जवाब देने के लिए दिया जाता है। अगर 30 दिन में भी दुकानदार कोई प्रतिक्रिया नहीं देता है तो रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामला न्यायालय में चलता है, लेकिन निर्णय आने में महीनों लग जाते हैं। केवल एडीएम कोर्ट से जुर्माना लगाकर कार्रवाई कराई जाती रही है। ऐसे में अगर किसी मिलावटखोर का सैंपल भरा जाता है तो वह भी समझ लेता है कि अधिक से अधिक जुर्माना ही हो सकता है।

### स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है मिलावट

रसायन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से शरीर के हर अंग को नुकसान हो सकता है। यह इस पर भी निर्भर करता है कि रसायन किस तरह का है। चिली सॉस में खट्टा करने से लेकर कई रसायनों का प्रयोग मिलावटखोर करते हैं। इसके लगातार सेवन से लिवर, दिल और किडनी पर भी असर होता है। इसका असर त्वचा पर भी पड़ता है, जिससे एग्जिमा, सोरायसिस आदि रोग होने लगते हैं। यदि लंबे समय तक इसका प्रयोग किया जाए तो हार्ट, किडनी फेल और कैंसर जैसी बीमारियां भी सामने आ सकती हैं।


### की जा रही है कार्रवाई

हमारी टीम द्वारा हर माह दुकान, प्रतिष्ठान और खाद्य भंडारों में छापामारी कार्रवाई करती है। हाल ही में 9 केस में एडीएम कोर्ट से जुर्माना लगाया गया है। इससे मिलावट खोरी और नकली ब्रांड की खाद्य सामग्री बेचने वालों को सबक मिल सकेगा।

**-आर आर देवांगन,** अभिहित अधिकारी, फुड एंड सेफ्टी

**रेलवे स्टेशन में लंबी दूरी की ट्रेनों को प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 में दिया जाता है स्टापेज**

# दिल्ली, मुंबई, हावड़ा जाना है तो पार करना पड़ेगा सांपसीढ़ी जैसा एफओबी




**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

जोनल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 4 और 5 में हावड़ा और मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों के अलावा अन्य प्रमुख ट्रेनों का स्टापेज दिए जाने से यात्री हलाकान हैं, ट्रेन में सवार होने के लिए यात्रियों को गेट नम्बर एक पर बने सांप सीढ़ी वाले एफओबी को पार करना पड़ता है। मेन गेट से प्लेटफार्म नंबर पांच तक पहुंचते पहुंचते हट्टेकट्टे यात्रियों की भी सांस फूलने लगती है।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में 8 प्लेटफार्म बनाए गए हैं। दो नए प्लेटफार्म भी बनाए जा रहे हैं, काम पूरा होने के बाद प्लेटफार्म की संख्या 10 हो जाएगी। कई वर्षों से रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नम्बर एक पर यात्रियों को अनारक्षित और आरक्षित टिकिट काउंटर के अलावा वाहनों की पार्किंग, रिटायरनिंग और डारमेट्री, वेटिंग हॉल, वीआईपी रूम, सीटीआई रूम सहित आरपीएफ और जीआरपी थाना भी यहीं से संचालित किया जाता रहा है। प्लेटफार्म नम्बर एक से लेकर 4-5 तक में पहले मुम्बई की ओर से हावड़ा जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट, दुर्ग, रायपुर से बिलासपुर होकर कटनी की ओर जाने वाली ट्रेनों के अलावा उत्कल व अन्य यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता है। यात्रियों को भी प्लेटफार्म नम्बर एक पर टिकिट लेकर सीधे ट्रेन में सवार होने की सुविधा भी मिल जाती है। वर्तमान में प्लेटफार्म की स्थिति ऐसी हो गई है कि सुबह से रात तक उत्कल, राजधानी और रात में आने वाली शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बाकी अन्य ट्रेनों के बजाय केवल मालगाड़ी का स्टापेज ही दिया जा रहा है, जिसके कारण यात्री भी परेशान हो रहे हैं।

### कोच पकड़ने एक किलोमीटर का सफर

हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली अप और डाउन दोनों ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर 4-5 पर हो रहा है। गेट नम्बर एक पर रेल प्रशासन ने नागपुर एंड की ओर एफओबी का निर्माण कार्य किया है। यह एफओबी ऐसी है कि प्लेटफार्म नम्बर एक से दो तीन तक सीधी होने के बाद यात्रियों को पांच से छः सीढ़ियों को चढ़कर दूसरे एफओबी का सहारा लेकर प्लेटफार्म नम्बर पांच तक जाना पड़ रहा है। यह एफओबी सांप सीढ़ी की तरह बना हुआ है। एफओबी से नीचे जब यात्री प्लेटफार्म 4-5 में उतरते हैं तो उन्हें अपना कोच पकड़ने के लिए करीब एक किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ता है।

### एक नंबर पर रूकती हैं 10 ट्रेनें

प्लेटफार्म नम्बर एक पर जहां पांच साल पहले हावड़ा-मुम्बई सहित अन्य ट्रेनों को मिलाकर 25 से 30 यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता था, वहीं यात्री ट्रेनों के बजाय प्लेटफार्म पर स्टापेज होने वाली लांग हॉल मिलाकर मालगाड़ियों की संख्या 30 से 35 के बीच और साप्ताहिक ट्रेनें मिलाकर यात्री ट्रेनों की संख्या केवल 10 में पहुंच गई है। बिलासपुर स्टेशन में हर आधे घंटे में डाउन लाइन पर 95 और अप लाइन पर 85 ट्रेनें मिलाकर एक मालगाड़ी का आगमन हो रहा है, जिसके कारण प्लेटफार्म नम्बर एक पर जगह नहीं बच पाती है।



### केवल पैसों की बरबादी

पांच साल पहले रेलवे ने जर्जर और छोटे कटनी गेट में यात्रियों को होने वाली परेशानी को देखते हुए बड़े गेट के अलावा प्लेटफार्म की लंबाई, चौड़ाई, एफओबी का विस्तार, लिफ्ट व अन्य निर्माण कार्य कराया था, जिसमें करीब 8 करोड़ से अधिक राशि खर्च की गई थी। इसके साथ ही प्लेटफार्म नम्बर एक पर ही यात्रियों को गर्मी से बचाने के लिए वाटर मिस्टिंग मशीन भी लगाई गई है। यह सारी सुविधाएं तो प्लेटफार्म पर है, लेकिन ट्रेनों के नहीं होने के कारण करोड़ों खर्च करने के बाद भी प्लेटफार्म वीरान हो गया है। दूसरे प्लेटफार्म पर यात्रियों को प्लेटफार्म नम्बर एक पर दी गई सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### मैन्यूअल है आपरेटिंग परिचालन

बिलासपुर रेल मंडल और सेक्शन में 250 से अधिक मालगाड़ियां और 100 से अधिक कोचिंग ट्रेनें हैं। इन सभी ट्रेनों का परिचालन मैन्यूअल आपरेटिंग के जरिए होता है। दो कोचिंग ट्रेनों की अपेक्षा मालगाड़ियों की संख्या अधिक है, इसलिए स्वभाविक है कि स्टेशन प्लेटफार्म पर मालगाड़ियां दिखाई देंगी। वहीं मालगाड़ियों के कारण कोचिंग ट्रेन के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ता है।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर



पानी के लिए जद्दोजहद करते लोग।

# मिनीमाता नगर जरहाभाठा में पंप जला, टैंकर से सप्लाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

मिनीमाता नगर जरहाभाठा में पंप जल जाने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इसके चलते वार्ड वासियों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा। हालांकि नगर निगम द्वारा तत्काल टैंकरों से पानी की सप्लाई कर दी गई थी, जिससे लोगों को निस्तारी के लिए पानी की दिक्कत नहीं हुई।

■ **पानी के लिए हलाकान हुए वार्डवासी**

शहर के बीच स्थित मिनीमाता नगर जरहाभाठा में बीते दिनों टैंकर से की गई पानी की सप्लाई ने भीषण जलसंकट की ओर इशारा कर दिया है। अभी मार्च के महीने में हालत ऐसी है तो अप्रैल-मई में क्या स्थिति होगी? पंप चालू ही नहीं हो पाने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो सकी थी, जिससे वार्ड के लोगों में पानी को लेकर चिंता होने लगी। इस दौरान सूचना मिलने पर नगर निगम




द्वारा तत्काल टैंकर रवाना किया गया। नगर निगम की ओर से निस्तारी के लिए भेजे गए टैंकर को देखते ही वार्डवासियों में पहले पानी भरने को लेकर होड़ सी मच गई थी, हालांकि नगर निगम प्रशासन ने शहर के भीतर पानी को लेकर फिलहाल किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होने की बात कही है।

### लाइट बंद थी

पंप खराब होने जैसी कोई बात नहीं थी। लंबे समय के लिए लाइट बंद होने के कारण पानी सप्लाई नहीं हो सकी थी। शहर के भीतर किसी भी वार्ड में फिलहाल टैंकर से पानी सप्लाई की नौबत नहीं आई है।

**-अनुपम तिवारी,** ईई एवं प्रभारी जल विभाग नगर निगम

# चोरी का मोबाइल खरीदने वाला वेंडर और बेचने वाला गिरफ्तार

**आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई, जब्त किए गए 6 मोबाइल**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

चोरी का मोबाइल खरीदी करने वाले स्टॉल के वेंडरों को पकड़ने के बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने दूसरे दिन बेचने वाले आरोपी को पकड़ा है। आरपीएफ ने आरोपियों के पास से 6 मोबाइल जब्त करने के बाद जीआरपी को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया है।

आरपीएफ की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर संचालित होने वाले स्टॉल के वेंडरों को पकड़कर चोरी का मोबाइल जब्त किया था। वेंडरों ने मोबाइल को किसी अंजान व्यक्ति से खरीदी करने की जानकारी दी। वहीं



पूछताछ के बाद आरपीएफ की टीम ने जीआरपी टीम के साथ पेट्रोलिंग के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से प्लेटफार्म पर घूमते हुए पकड़ा। पूछताछ में ओडिशा कोरापुट दशवंतपुर निवासी लेली खोसला पिता मीना खोसला 27 वर्ष ने बताया कि उसने दो मोबाइल रेलवे स्टेशन से चोरी किया था और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। कुछ दिन पहले उसने दो मोबाइल स्टेशन के स्टॉल वेंडरों को बेचा था। मोबाइल चोर से मिले पहचान के बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने प्लेटफार्म नम्बर एक पर व्हीआईपी गेट के पास संचालित स्टॉल के वेंडर ग्राम गुहरा गेड़ी, भिंड मध्यप्रदेश निवासी शैलेन्द्र सिंह पिता अजमेर सिंह 23 साल के पास से दो मोबाइल और हीरागंज महेवाघाट कौशांबी उत्तरप्रदेश निवासी वेंडर राजेश कुमार पिता श्याम सुंदर 29 साल के पास से दो मोबाइल जब्त किया। आरोपियों को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है। जीआरपी ने चोरी का मोबाइल बेचने वाले आरोपी और खरीदी करने वाले स्टॉल के वेंडरों को पकड़कर धारा 303 (सी), धारा 35(1), 303(02), 317(02) के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

# ट्राला के बीच भिड़ंत में दो चालक गंभीर रूप से घायल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर**

अम्बिकापुर-राजपुर मुख्य मार्ग पर चंद्रगढ़ घाट के समीप रविवार दोपहर करीब 12 बजे दो ट्राला वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्राला चालकों को चोटें आई हैं, जिन्हें तत्काल राजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर की ओर से आ रही ट्राला क्रमांक बीआर 03 जीयू 8779 और अंबिकापुर की ओर जा रही ट्राला क्रमांक सीजी 30 आर 3787 चंद्रगढ़ घाट के पास नवनिर्मित सड़क पर अचानक आमने-सामने हो गईं जिससे वाहन चालको का स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे सका और दोनों ट्रालों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों



की मदद से घायल चालकों को तत्काल राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि राजपुर क्षेत्र में एनएच 343 मार्ग पर इन दिनों सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से किया जा रहा है और नियमित रूप से पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। इसके कारण सड़क पर लगातार धूल उड़ती रहती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने और नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार उदयपुर ढाब निवासी दिनेश एक्का आ. जंगल साय (28 वर्ष) शनिवार को काम करने सरगवां डिगमा गया था। शाम को वापस आने के बाद सो गया। इसी बीच तबीयत खराब हो जाने पर पत्नी ने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन निजी वाहन से युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। परिजन ने कीटनाशक पी लेने की बात पुलिस को बताई। दूसरी घटना में लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम जरहाडीह निवासी धनियारो पति धरम साय (70 वर्ष) 12 मार्च को भाई सुजन राम की मौत हो जाने के बाद से काफी परेशान थी। भाई के मौत के सदमे को सह नहीं सकी और शनिवार की देर रात शराब के नशे में घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन वृद्धा को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सुबह वृद्धा की मौत हो गई।

# पुलिस के नोडल अधिकारियों ने विवेचकों की ली क्लास

**बिलासपुर।** पुलिस के नोडल अधिकारियों के द्वारा विवेचकों की कार्यशाला आयोजित कर आईटीएमएस, सशक्त,नेट ग्रेड, नफीस एप की जानकारी दी गई है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर बिलासागुड़ी में विशेष प्रशिक्षण आयोजित कर बेहतर यातायात प्रबंधन एवं अपराधियों के निगरानी व धरपकड़ के संबंध में जिले के समस्त विवेचकों को पुलिस के विवेचना में सहयोगी विभिन्न तकनीकी प्रणालियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, नेशनल आटोमेटेड, फिंगरप्रिंट, आईडेंटिफिकेशन सिस्टम, नेशनल इंटेलिजेंस ग्रीड, सशक्त एप के बारे में विवेचक व आनलाइन के माध्यम से जुड़े थाना प्रभारियों व विवेचकां को प्रणालियों के बारे में सूक्ष्म विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। यातायात प्रंबधन को बेहतर बनाए जाने

■ **नफीस एप के बारे दी जानकारी**

न सिर्फ मैन्युअल कार्रवाई की जाती है हाईटेक तकनीकी के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर आनलाइन प्रणाली से सघन निगरानी रखते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। इंटीग्रेटेड कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर के माध्यम से उक्त सभी मैनेजमेंट केंद्रीय कृत रूप से संचालित किया जाता है। इस सिस्टम के डाटा सेंटर पर संकलित जानकारी के आधार पर अपराधियों के गतिविधियों पर भी निगरानी रखी जाती है। यह प्रणाली न सिर्फ यातायात नियमों का पालन कराने एवं अपराध पर नकेल कसने उसके प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम पर भी कारगर होती है। ट्रैफिक एडीशनल एसपी रामगोपाल करियारे एवं स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मैनेजर वाई श्रीनिवास ने विस्तारपूर्वक जानकारियां देकर विवेचकों को प्रशिक्षित किया है। इस दौरान नोडल अधिकारी मधुलिका सिंह, एडीशनल एसपी पंकज पटेल, सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, एवं थाना प्रभारी व गुजरात से आए पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# जेवर चोरी करने वाली महिला दो साल बाद गिरफ्तार

**बिलासपुर।** झाड़ फूंक के बहाने जेवर चोरी करने वाली फरार महिला को पुलिस ने दो साल बाद गिरफ्तार कर लिया है।

सीपत पुलिस के अनुसार, 8 दिसंबर 2023 को कुकदा निवासी मनीषा कांनगो पिता अनिल कांनगो ने झाड़फूंक करने के लिए जनकराम सौंरा उसकी पत्नी झुनिया बाई उर्फ शांति व एक अन्य महिला उनके घर आए थे। झाड़ फूंक के दौरान उनके घर की पेटी से 50 हजार रुपए नकद, पायल, बिछिया, सोने की फुल्ली, एक मासा, अंगूठी सहित ताला बंदकर पूजा करने के लिए उन्हें दिया। पूजा पाठ करने के बाद घरवालों को नीबू को घर के आंगन में गड़ाने के लिए भेज दिया। उसके बाद पेटी में दिया जलाकर कहा दिया जलते तक पेटी मत खोलना। दूसरे दिन सुबह घरवाले पेटी खोलकर देखे तो जेवर चोरी हो गई थी। दो साल से फरार चल रही चकरभाठा सौरा मोहल्ला निवासी झुनिया बाई उर्फ शांति पति स्व. जनकराम सौरा 55 साल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पति की मृत्यु हो गई है।

## खबर संक्षेप

### पुरानी बस्ती और परिवहन नगर में चला मेगा स्वच्छता ड्राईव

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा वार्ड एवं बस्तियों की सम्पूर्ण रूप से सफाई किये जाने के मद्देनजर निगम क्षेत्र में स्वच्छता के महाअभियान के दसवें दिवस वार्ड क्र. 6 पुरानी बस्ती एवं वार्ड क्र. 15 परिवहन नगर में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय इन वार्डो में पहुंचे तथा गली-गली का भ्रमण कर वृहद पैमाने पर किये जा रहे साफ-सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोरबा पुराना शहर स्थित रानी रोड, के.एन.कालेज के पास ठाकुर घाट गली, विश्वनाथ मंदिर के पास का सौदंर्यीकरण के साथ ही विशेष साफ-सफाई कराई गई। उन्होने बस्ती की गलियों, नालियों आदि की सम्पूर्ण सफाई किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये तथा स्वच्छता कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन करने को कहा।

### मनहरण बने जिला महामंत्री



**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के जिला महामंत्री के पद पर मनहरण राठौर को मिली बड़ी जिम्मेदारी अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन के तहत जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा छत्तीसगढ़ में संगठन का विस्तार छत्तीसगढ़ प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत्र पूर्व कैबिनेट मंत्री जय सिंह अग्रवाल के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश राठौर द्वारा संगठन का विस्तार किया गया। इसके तहत नई कार्यकारिणी में मनहरण राठौर इंटक नेता को जिला महामंत्री के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है उसके इस नियुक्ति से इंटक के साथ-साथ कोसाबाड़ी क्षेत्र एवं क्षत्रिय राठौर समाज के समर्थकों में उत्साह है मनहरण राठौर ने कहा है कि वह अपनी इस जिम्मेदारी को कठिन परिश्रम एवं सबको साथ लेकर कांग्रेस को मजबूत बनाएंगे और कांग्रेस के आदर्श विचार से लोगों को अवगत करायेंगे।

### तितलियाँ पर्यावरण संतुलन में निभाती है अहम भूमिका : सारथी

**कोरबा।** प्रत्येक वर्ष 14 मार्च को राष्ट्रीय तितली ज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को तितलियों के महत्व, उनके जीवन चक्र तथा पर्यावरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरूक करना है। तितलियाँ प्रकृति की सुंदरता का प्रतीक होने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। तितलियों का जीवन चक्र भी प्रकृति का एक अद्भुत उदाहरण है, जिसमें अंडा, लार्वा (इल्ली), प्यूपा (कोकून) और अंत में वयस्क तितली का चरण शामिल होता है,यह परिवर्तन प्रकृति में जीवन के विकास और अनुकूलन का प्रतीक है, पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से यह आवश्यक है कि हम प्राकृतिक आवास, फूलों वाले पौधों और हरित क्षेत्रों को संरक्षित रखें ताकि तितलियों और अन्य परागण करने वाले जीवों का अस्तित्व सुरक्षित रह सके।

### बालको में मनी मिनीमाता की जयंती



**कोरबा।** मिनीमाता चौक बालको में मिनीमाता की जयंती के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको के प्राचार्य शिक्षक एवं विद्यार्थियों के साथ कल्याण शिक्षण समिति के सचिव गिरीश शर्मा, कोषाध्यक्ष केशव कुर्रे उपस्थित रहे। इस अवसर पर सतनामी समाज बालको के अध्यक्ष रमेश जटवार, उपाध्यक्ष मंगल घृतलहरे सचिव संतोष बंजारे के साथ समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के पश्चात गिरीश शर्मा एवं भोजेंद्र सिंह के द्वारा मिनीमाता की सादगी सरलता भरे जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं उनके दिखाए मार्ग में चलने हेतु प्रेरित किया गया। प्राचार्य ने मिनीमाता को छत्तीसगढ़ की हितैषी बताते हुए कहा कि वह गरीबों एवं दलितों के उत्थान हेतु सदैव तत्पर रहती थीं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आधा मार्च गुजरा...

6 फरवरी को 2 दिन का समय अतिरिक्त रूप से दिया और इसमें भी गिनती के किसानों को अपनी पैदावार बेचने का अवसर प्राप्त हो सका। एक तरफ किसानों का टेंशन तो दूसरी तरफ केंद्र में जमा हुई पैदावार को समय रहते यहां से उठाने की चुनौती ने सहकारी समितियां को लंबे समय तक परेशानी में डाला। अभी की स्थिति में कोरबा से लेकर छुरिकला, श्यांग, बरपाली जिलगा, चिर्रा, सिरमिना, सहित अनेक उपार्जन केदो में धान की बड़ी मात्रा पड़ी हुई है जिसका उठाव नहीं हो सका है। इस मसले को लेकर परेशान चल रहे सहकारी समिति कर्मचारी संघ का कहना है कि जानबूझकर राइस मिलर्स धान का उठाव करने में देर कर रहे है। इस तरह की सूचना प्राप्त हुई है कि देरी होने पर धान में ड्राइनेस की समस्या होगी और फिर सूखत के लिए दबाव बनाया जाएगा। खबर है कि पहले ही 50 से 100 ग्राम तक की मात्रा को लेकर हल्ला किया गया और अब सरकारी व प्राकृतिक कारणों से पैदा होने वाली समस्या और इसकी भरपाई को लेकर कोई चर्चा नही हो रही है।

## वार्डों में पैदल भ्रमण कर सफाई कार्यों का किया अवलोकन

# आयुक्त पहुंचे कोसाबाड़ी एवं पं.रविशंकर नगर जोन, सफाई कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा वार्ड एवं बस्तियों की सम्पूर्ण रूप से सफाई किये जाने के मद्देनजर निगम क्षेत्र में स्वच्छता के महाअभियान के ग्यारहवें दिवस वार्ड क्र. 25 शिवाजीनगर एवं वार्ड क्र. 29 मुड़ापार में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय इन वार्डो में पहुंचे तथा गली-गली का भ्रमण कर वृहद पैमाने पर किये जा रहे साफ-सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया। उन्होने बस्ती की गलियों, नालियों आदि की सम्पूर्ण सफाई किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये तथा स्वच्छता कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन करने को कहा।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा स्वच्छता का महा अभियान संचालित किया जा रहा है। महाअभियान के ग्यारहवें दिन शनिवार को निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। ग्यारहवें दिन वार्ड क्र. 25 शिवाजीनगर एवं वार्ड क्र. 29 मुड़ापार के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउण्डर का छिड़काव आदि के कार्य व्यापक पैमाने पर किये गये। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डो की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने वार्ड, बस्तियों में स्थित नालियों, सड़कों, सार्वजनिक स्थलों आदि की सम्पूर्ण सफाई करने, सी.एण्ड डी.वेस्ट, अतिक्रमण, अवैध कब्जा, दुकानों में डस्टबिन न रखने, गंदगी करने व कचरा फैलाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



निरीक्षण करते निगम आयुक्त व अन्य।

#### चलाई गई मेगा स्वच्छता ड्राइव

स्वच्छता के महाअभियान के 11वें दिन शिवाजीनगर एवं मुड़ापार में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। आयुक्त ने इन वार्डों में पहुंचे तथा गली-गली का भ्रमण कर साफ-सफाई के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता कार्य के दौरान उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से तुरंत उठाव व परिवहन करने को कहा। उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा स्वच्छता का महा अभियान संचालित किया जा रहा है। महाअभियान के 11वें दिन शनिवार को निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड व बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। 11वें दिन वार्ड क्र. 25 शिवाजीनगर एवं वार्ड क्र. 29 मुड़ापार के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउण्डर का छिड़काव आदि के कार्य कराए गए।

# सुदूर वनांचल लेमरू ग्राम मलेरिया मुक्त क्षेत्र की ओर प्रेरणादायक यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुदूर वनांचल और पूर्व में सुविधाविहीन रहा क्षेत्र लेमरू जो जिला मुख्यालय से लगभग 75 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, आज स्वास्थ्य जागरूकता और सामूहिक प्रयासों की बदौलत मलेरिया मुक्त होने की दिशा में अग्रसर है. यह क्षेत्र पहले घने जंगलों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण भारी मलेरिया प्रभावित माना जाता था, जहाँ हर वर्ष बरसात के मौसम में जागरूकता की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं तक सीमित पहुँच के कारण बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से बीमार हो जाते थे. इस क्षेत्र में मलेरिया का भय इतना गहरा था कि बाहरी व्यक्ति यहाँ आने से कतराते थे और आने से पहले अनिवार्य रूप से मच्छरदानी या बचाव की दवाओं की व्यवस्था करते थे. यहाँ तक कि समाज में यह भ्रांति व्याप्त थी कि लेमरू के पानी में ही मलेरिया है, जिसके डर से लोग इस क्षेत्र में अपनी बेटियों का विवाह तक करने से डरते थे।

इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कर्मचारियों के अभाव के बावजूद महामारी के समय शिविर लगाकर और लोगों को जागरूक कर इस बीमारी के आतंक को कम करने का प्रयास शुरू किया. स्वास्थ्य विभाग, मितानिनों और स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयासों से लेमरू ने मलेरिया नियंत्रण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विभाग द्वारा एक प्रभावी रणनीति के तहत घर-घर सर्वे कर बुखार के संदिग्ध मरीजों की आरडी किट से तुरंत जाँच की गई और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से लोगों को मलेरिया के लक्षणों व बचाव के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों को घरों के आसपास जल-जमाव रोकने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया ताकि मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट किया जा सके। अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में डीडीटी का छिड़काव सुनिश्चित किया गया और सभी घरों, हॉस्टलों तथा आश्रमों में मच्छरदानी वितरित कर उनके नियमित उपयोग की निगरानी की गई। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों ने शिविरों के माध्यम से स्थल पर ही क्लोरोक्वीन, पैरासिटामॉल और एसीटी किट का सेवन कराया। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा क्षेत्र का निरंतर भ्रमण, कर्मचारियों का मुख्यालय में निवास और अस्पताल का 24x7 संचालन इस सफलता के मुख्य आधार रहे।

# भाजपा महिलाओं को केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि नेतत्व में प्रदान करती है समान अवसर : विभा



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

#### खास बात

- भाजपा महिला मोर्चा I महिला शक्ति सम्मान समारोह में शामिल हुए उद्योग मंत्री

प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला द्वारा महिला शक्ति के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अध्यक्षता एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमति प्रीती स्वर्णकार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि विभा अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को केवल सम्मान ही नहीं देती, बल्कि उन्हें नेतृत्व और निर्णय प्रक्रिया में समान अवसर भी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं संचालित हो रही हैं, जिनसे देश की मातृशक्ति आत्मनिर्भर बन रही है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि भाजपा में महिलाओं को संगठन और शासन दोनों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाती हैं। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मोदी ने कहा कि भाजपा ही ऐसा राजनीतिक संगठन है, जिसने महिलाओं को हर स्तर पर नेतृत्व का अवसर प्रदान किया है। चाहे संगठनात्मक जिम्मेदारी हो, जनप्रतिनिधित्व हो या समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान हर जगह महिलाएं मजबूती के साथ अपनी भूमिका निभा रही हैं। महापौर संजूदेवी राजपूत ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण किसी भी समाज की प्रगति का आधार होता है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं। उन्होंने महिला मोर्चा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना और अधिक मजबूत होती है तथा नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर प्रियंका गिरी, विद्या पांडेय, संतोषी दीवान, अजय विश्वकर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, बीडी शर्मा, सत्यलता मिरी, स्वाति सिंह, अनसूईया राठौर, नीरज ठाकुर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को मज़बूत करने महत्वपूर्ण पहल : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को मज़बूत करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निर्माण कोरबा पोर्टल की शुरुआत की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। इस अभिनव पोर्टल का उद्देश्य जिले के सभी निर्माण कार्यों को डिजिटल मंच पर लाकर उन्हें आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए अधिक सुगम, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना है। अब विकास कार्यों की वास्तविक प्रगति कागज़ी फाइलों या मौखिक जानकारी पर निर्भर नहीं रहेगी, प्रत्येक सूचना एक क्लिक में उपलब्ध होगी।

#### खास बात

- जिले में डिजिटल पारदर्शिता की नई शुरुआत, निर्माण कोरबा पोर्टल शीघ्र होगा सार्वजनिक

जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम, नगरीय निकायों, जिला पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं, लोक निर्माण विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जल संसाधन विभाग सहित सभी निर्माण एजेंसियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में स्वीकृत किसी भी निर्माण कार्य की समस्त जानकारी अब अनिवार्य रूप से पोर्टल में दर्ज की जाएगी। स्वीकृति से लेकर कार्य प्रारंभ की तिथि, कार्यस्थल, स्वीकृत लागत, प्रगति, निर्माणाधीन स्थिति तथा पूर्णता की जानकारी नियमित रूप से अपडेट की जाएगी। इसके साथ ही प्रत्येक चरण की जियो-टैग्ड तस्वीरें, इंजीनियरों की टिप्पणियाँ और स्थल की वास्तविक स्थिति भी उसी दिन पोर्टल पर अपलोड की जाएँगी। कई बार कागज़ी जानकारी और वास्तविक स्थल की स्थिति में अंतर पाया जाता है-कहीं प्रगति दिखाई जाती है जबकि जमीन पर कार्य प्रारंभ ही नहीं हुआ होता, और कहीं पूर्णता दर्शा दी जाती है जबकि कई कमियाँ शेष रहती हैं। ऐसी विसंगतियों को समाप्त करने तथा जनता के बीच विश्वास बढ़ाने के लिए यह पोर्टल एक अत्यंत प्रभावी माध्यम सिद्ध होगा। पोर्टल में दर्ज प्रत्येक जानकारी वास्तविक समय में अपडेट की जाएगी, जिससे किसी भी विभाग या एजेंसी के लिए कार्य की वास्तविक स्थिति छिपाना संभव नहीं होगा। यह पोर्टल जिले में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल सरकारी कार्यप्रणाली आधुनिक होगी, बल्कि जनता और जनप्रतिनिधियों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित होगी। कुछ ही दिनों में यह पोर्टल आम जनता के लिए भी उपलब्ध करा दिया जाएगा, जिसके बाद कोई भी नागरिक अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से किसी भी निर्माण कार्य की स्थिति वास्तविक समय में देख सकेगा।

#### निर्माण कोरबा पोर्टल की विशेषता

निर्माण कोरबा पोर्टल की एक विशेषता यह है कि जिले की सभी परियोजनाओं को जीआईएस-आधारित मानचित्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यों को पीले रंग में, निर्माणाधीन कार्यों को हरे रंग में तथा पूर्ण कार्यों को नीले रंग में दर्शाया जाएगा। इससे कोई भी नागरिक एक नज़र में जान सकेगा कि जिले के किस क्षेत्र में कौन-सा कार्य किस चरण में है। फील्ड टीम द्वारा अपलोड की गई जियो-टैग्ड तस्वीरें इस पोर्टल को और अधिक सशक्त बनाती हैं क्योंकि यह केवल जानकारी ही नहीं बल्कि उसका दृश्य प्रमाण भी प्रस्तुत करती हैं।

# माताकर्मा समाज में सामाजिक समरसता प्रेम और सौहार्द्र की प्रतीक : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भक्त माता कर्मा समाज में सामाजिक समरसता, प्रेम और सौहार्द्र की प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें आपसी भाईचारे, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आज के समय में समाज को उनके बताए आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है, जिससे समाज में एकता और सद्भाव को और मजबूती मिले।

उक्त बाते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ की पूजनीय लोक संत भक्त माताकर्मा की जयंती के पावन अवसर पर घंटाघर में साहू समाज द्वारा आयोजित शोभा यात्रा के दौरान कही। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने ध्वजा लेकर शोभा यात्रा में सहभागिता की तथा प्रतिभागियों के साथ कुछ दूरी तक पैदल चलकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोग उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे और भक्त माता कर्मा के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता कर्मा केवल साहु समाज की ही नहीं, वरन संपूर्ण मानवता के लिए भक्ति, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति है। माता कर्मा का जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा और अटूट विश्वास से ईश्वर को भी वश में किया जा सकता है। उनकी भक्ति की शक्ति ही थी कि स्वयं भगवान जगन्नाथ को उनके हाथों की खिचड़ी खानी पड़ी। कार्यक्रम के दौरान समाज के अध्यक्ष बालाराम साहू, गिरधारी साहू, कांग्रेस कोरबा जिला शहर अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर, निगम के नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, साहू समाज के तहसील अध्यक्ष पालूराम साहू सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, तथा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा उपस्थित रहे।



रैली में उपस्थित पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व अन्य।

#### कटघोरा में आयोजित हुआ कार्यक्रम

भक्त माताकर्मा जयंती के अवसर पर साहू समाज कटघोरा द्वारा भजन कीर्तन एंव माता कर्मा पूजन समारोह का आयोजन बिलासपुर रोड पुरानी बस्ती स्थित समाज के अध्यक्ष भारत भूषण साहू के निवास स्थान पर किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं भक्ति गीत से शमा बांधा, कार्यक्रम के अंत में खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। आयोजन में मूलचंद साहू, कपिलनाथ साहू, छेदी लाल साहू, शिवराम साहू, सुशील साहू, उमेश साहू ,लोकेश साहू, मनोज साहू, खीर बाई साहू,अनिता साहू, चमेलीबाई,गणेशी साहू, शीतला साहू ,तुलसी साहू,हीरेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या समाज के लोग उपस्थित रहे।





# तहसील साहू संघ हरदीबाजार ने मनाई भक्त माता कर्मा जयंती

साहू संघ हरदीबाजार द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती लीलागर नदी के तट पर भाटापारा सामुदायिक भवन में मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच लोकेश्वर कंवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष गिरजा साहू के द्वारा संबोधित करते हुए भक्त माता कर्मा की जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके जीवन चरित्र पर अनुसरण करने का संकल्प लिया गया। साथ ही समाज को एक जुटता बनाए रखना एवं समाज के हर एक दुख सुख में खड़े होकर साथ देना तथा बच्चों को अच्छी शिक्षा देना ऐसे समाज के लोगों को संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार साहू ने किया। इस दौरान गिरिजा साहू, धर्मेंद्र कुमार साहू, विजय कुमार साहू, श्रीमती पूर्णिमा साहू, राधेश्याम साहू, संतोष साहू, जगत राम साहू, झामलाल साहू, जीवन साहू, जनकराम साहू, रामकृष्ण साहू, पूर्णिमा साहू, आरती, आराध्या, रामेश्वरी, जाह्नवी, सहित समाज के लोग साहू समाज के लोग उपस्थित रहे।



# सतनामी समाज ने मनाई मिनीमाता जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अविभाजित मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सांसद एवं सतनामी समाज के गुरु माता मिनीमाता का 13 मार्च को उनकी 113वीं जयंती के पावन अवसर पर जिले के सतनामी समाज के वरिष्ठजनों ने उल्लास के साथ उन्हें शत-शत नमन करते हुए शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा के प्रांगण में स्थापित उनकी प्रतिमा के समक्ष सतनामी समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में उनकी पूजा अर्चना एवं पुष्पमाला व आरती करके उन्हें नमन किया।

इस संबंध में वरिष्ठजनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मिनीमाता सतनामी समाज ही नहीं अपितु सर्वसमाज के महिलाओं के उत्थान के लिए सराहनीय कार्य किया। साथ ही जिले में स्थापित मिनीमाता बांगो बांध का भी निर्माण उन्हीं के अथक प्रयास से हुआ है। इस अवसर पर नारायण लाल कुर्रे, अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े, जेपी कोसले, आर डी भारद्वाज, रवि खूंटे, राम प्रसाद मिरी, सुनीता पाटले, निर्मल किरण, रिंकू वाडीले, रामेश्वरी बंजारे, रीना कुर्रे, सुनीता खूंटे, पुष्पा पात्रे, रागिनी, दीपक टंडन, केपी पातले, मनोज मनहर, जे के लहरे सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।



न्यायालय तहसीलदार दीपका
जिला-कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता मौजा को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहितराम पिता स्व. जगेसर जाति केवट निवासी ग्राम मनगांव, लक्ष्मण नगर, तहसील दीपका, जिला-कोरबा (छ०ग०) मे एस.ई.सी.एल गेवरा क्षेत्र द्वारा भूखण्ड क्रमाक 168 को आबंटित किया गया था। एस.ई.सी.एल गेवरा क्षेत्र द्वारा ग्राम मनगांव, को पुनः पुर्नस्थापना की जा रही है। जिसके लिये वंशवृक्ष के लिये आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 25/03/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी जो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

स्थान :- दीपका

तहसीलदार
दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## क्राइम की खबरें



### प्रेरणा महिला समिति ने स्कूल बैग एवं फूड पैकेट का किया वितरण

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन एवं सभी उपाध्यक्षाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला, गेवरा की प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन में उनके सहयोगियों द्वारा शनिवार को प्राथमिक शाला दुरैना में सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला दुरेना के छात्र को को स्कूल बैग वितरित किए गए। साथ ही वहाँ उपस्थित सभी छात्र को स्वल्पाहार स्वरूप फूड पैकेट भी प्रदान किए गए। यह सामाजिक एवं कल्याणकारी कार्यक्रम प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन में उनके सहयोगियों श्रीमती प्रियंका खरे,श्रीमती रश्मि टंडन, श्रीमती बबीता मेहरा, श्रीमती इतिश्री बड़ई एवं श्रीमती शीला श्रीवास के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### लीजेंड कप टूर्नामेंट का समापन, कुसमुंडा बना विजेता



**कोरबा।** जिले में लगातार हो रहें टूर्नामेंट मे एक टुनमेंट सीएसईबी ग्राउंड मे भी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया जिसका फाइनल मैच का समापन सीएसईबी ग्राउंड में खेला गया, फाइनल मैच कुसमुंडा लीजेंड ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि के तौर पर महापौर संजू देवी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, चीफ इंजीनियर संजू करशान, साइबर प्रभारी ललित चंद्र, डॉ आशीष अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, एनडी अग्रवाल, गुरमीत सिंह सिंधु, शैलेश चौधरी, राजेश राठौर, पार्षद रामकुमार साहू उपस्थित रहे। लीजेंड कप 2026 यूनिक क्लब एकेडमी के मध्य खेला गया। इस आयोजन में 13 टीमों ने शिरकत की। जिसमें फाइनल में कोरबा लीजेंड और कुसमुंडा लीजेंड फाइनल मैच तक का सफर तय किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लीजेंड कोरबा के द्वारा 20 ओवर 99 रन का लक्ष्य कुसमुंडा लीजेंड टीम को दिया गया। कुसमुंडा ने इस लक्ष्य को 11.2 ओवर में ही पूरा कर लिया। विजेता टीम को 15 हजार रुपए नगद राशि व ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम को 10 हजार रुपए एवं शील्ड के साथ सम्मानित की गई।

### अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आगाज



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा-पश्चिम की मेजबानी में आयोजित की जा रही है। हसदेव खेल परिसर स्थित कबड्डी ग्राउंड पर मुख्य अभियंता एचके सिंह की अध्यक्षता में खेल का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ मैदान पर उतरें और खेल का आनंद लें। इनॉग्रेशन मैच एचटीपीएस कोरबा पश्चिम व एबीवीटीपीएस मड़वा के बीच खेला गया। दूसरा मैच रायपुर रीजन और रायपुर सेंट्रल के बीच हुआ। स्पर्धा में पॉवर कंपनीज की सात रीजन की टीम हिस्सा ले रही हैं। इनमें बिलासपुर रीजन, एचटीपीएस कोरबा-पश्चिम, रायपुर रीजन, रायपुर सेंट्रल, एबीटीपीएस मड़वा, जगदलपुर रीजन और दुर्ग रीजन शामिल हैं। पिछले वर्ष कबड्डी स्पर्धा का आयोजन जगदलपुर में किया गया था। वहां बिलासपुर रीजन की टीम ने खिताब अपने नाम किया था।

### यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने किया महिलाओं का सम्मान



**कोरबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की कोरबा इकाई ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया । कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान समारोह विद्युत कम्पनी के सीनियर क्लब में किया गया। कोरबा एवं बिलासपुर से 80 सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्रीमती अलका कंसल मुख्य अतिथि एवं संजीव कंसल मुख्य अभियंता डीएसपीएम विशिष्ट अतिथि थे। श्रीमती कंसल ने कहा कि आज महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। संजीव कंसल ने एक प्रेरक कहानी के माध्यम से बताया कि किस प्रकार एक महिला का जीवन बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक बदलता है और वे किस प्रकार वह जीवनसाथी के रूप में पुरुषों का साथ देती है। यूथ हॉस्टल के राज्य चेयरमैन संदीप सेठ ने मुख्य अतिथि श्रीमती कंसल,यूनिट अध्यक्ष सतीश शुक्ला एवं उपाध्यक्ष त्रिभुवन कौशिल ने विशिष्ट अतिथि संजीव कंसल का स्वागत किया।

# हायर सेकेंड्री, हाईस्कूल की ओपन परीक्षा के फरसवानी केंद्र में 16 सौ से अधिक परीक्षार्थी बैठेंगे

## आज से जिले के 9 केन्द्रों में शुरू होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सीमा क्षेत्र मे स्थित ग्राम पंचायत फरसवानी के हाईस्कूल को 10वीं, 12वीं की परीक्षा की ओपन परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है जिसमें 1680 परीक्षार्थी बैठेंगे जो जिले का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र है। इतनी अधिक संख्या में परीक्षार्थियों को फरसवानी का परीक्षा केंद्र दिया जाना परीक्षा शुरु होने के पूर्व परीक्षा प्रक्रियाओं को सवालों के घेरे में खड़ा करता है।

अलग खबर

10वीं, 12वीं बोर्ड की ओपन परीक्षा के लिए कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें कोरबा विकासखंड के अंतर्गत कुदमुरा, तिलकेजा, बालको कन्या और फरसवानी हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। इसके अलावा कटघोरा एवं भिलाईबाजार, पाली, पोड़ी उपरोड़ा और पसान हायर सेकेण्डरी स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं इनमें नकल रोकने के लिए केवल एक उड़नदस्ता टीम बनाई गई है जो अकेले कोरबा शहर से लेकर 90 किलोमीटर दूर पसान परीक्षा केंद्र तक नकल रोकने के लिए दौरा करेगी। 9 केंद्र होने के कारण केवल एक टीम बना दी जाती है लेकिन जिस तरह से दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में ओपन परीक्षाओं के केंद्र बनाए जा रहे हैं उससे एक उड़नदस्ता टीम के भरोसे नकल रोकना संभव नहीं है। कोरबा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम फरसवानी के हाईस्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है और ग्राम फरसवानी जिला मुख्यालय से 36 किलोमीटर दूर है जहां 1680 परीक्षार्थी परीक्षा दिलाएंगे। इनमें 10वीं में 920 और 12वीं में 760 परीक्षार्थी शामिल हैं। बताया जाता है कि उक्त परीक्षा केंद्र दो साल पहले तक एक शिकायत के कारण बंद कर दिया गया था और दोबारा परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें इतनी अधिक संख्या में परीक्षार्थियों का बैठना परीक्षाओं के संचालन को लेकर कई सवाल खड़े कर रहा है।

**खास बातें**

- दो साल पहले तक फरसवानी परीक्षा केन्द्र नहीं बना था, हुई थी शिकायत



## मौसम में आया अचानक बदलाव, कई जगह हुई बारिश

# कटघोरा में तेज आंधी से मुख्य मार्ग पर गिरा सांकेतिक बोर्ड, बाल-बाल बचे राहगीर



सड़क पर गिरा सांकेतिक बोर्ड।



इस तरह धूल का उठा था गुब्बार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में रविवार दोपहर बाद अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण तेज आंधी और हल्की से मध्यम बूंदाबांदी हुई। जहां एक ओर इस बदलाव से भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली, वहीं दूसरी ओर तेज हवाओं के कारण एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

कटघोरा–अंबिकापुर मार्ग स्थित न्यू बस स्टैंड के पास लगा भारी-भरकम सांकेतिक बोर्ड तेज आंधी के चलते अचानक मुख्य मार्ग पर गिर गया। जिस समय यह बोर्ड सड़क पर गिरा, उस वक्त मार्ग से कई राहगीर और वाहन गुजर रहे थे। हालांकि सौभाग्य से कोई भी व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया और सभी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों और आसपास के लोगों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। तुरंत इसकी सूचना नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग और कटघोरा थाना पुलिस को दी गई। सांकेतिक बोर्ड सड़क पर गिरने से मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों की मदद से गिरे हुए बोर्ड को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान पुलिस ने मौके पर मौजूद रहकर यातायात को नियंत्रित किया और जाम की स्थिति को धीरे-धीरे सामान्य कराया। बोर्ड को हटाए जाने के बाद मार्ग पर यातायात फिर से सुचारु रूप से शुरू हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उस समय सड़क पर अधिक भीड़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल प्रशासन द्वारा बोर्ड हटाने के बाद स्थिति पूरी तरह सामान्य हो गई है।

**शहर में भी हुई बूंदाबांदी**

दोपहर बाद मौसम में आए बदलाव का असर जिले के ग्रामीण व उपनगरीय क्षेत्रों के अलावा शहर में भी पड़ा। तेज हवाओं के साथ शहर का कुछ हिस्सा राखड़मय हो गया था। मुख्य मार्गों में राखड़ की धूल छा गई थी। वही शाम 5 बजे के लगभग बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग ने दो दिन पूर्व ही मौसम में बदलाव के संबंध में अलर्ट जारी किया था। जिसका असर रविवार दोपहर बाद तेज आंधी और बूंदाबांदी के रुप में नजर आया। हालांकि शहर में तेज आंधी से किसी भी तरह की जान माल की हानि नहीं हुई है।



वाहनों की जांच करती पुलिस।

# एमव्ही एक्ट के तहत 50 लोगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत शनिवार को कोतवाली पुलिस के द्वारा असामाजिक तत्वों एवं आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। सूचना प्राप्त हुई कि इमली डुग्गू रेलवे कॉलोनी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस के द्वारा तत्काल मौके पर दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान इमली डुग्गू रेलवे कॉलोनी निवासी अश्वनी यादव पिता स्व. छौवरा यादव, उम्र 38 वर्ष को अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जप्त कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कोतवाली पुलिस के द्वारा वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इसी तरह गौ माता चौक के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 50 लोगों पर कार्यवाही की गई। साथ ही चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कोतवाली पुलिस के द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गई।

# इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक तक ट्रेलर चालकों की थी दंबगई, पुलिस की गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के इंदिरा स्टेडियम से लेकर सीएसईबी चौक में ट्रेलर चालक लगातार मनमानी कर रहे थे और सड़क के किनारे अपनी ट्रेलर वाहनों को खड़ी कर देते थे, जिससे गुजरने वाले लोगों को बिल्कुल भी मार्ग नहीं मिलता था यहां तक की एंबुलेंस तक नहीं गुजर पाती थी। आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती थी। लगातार बढ़ती शिकायतों को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की टीम पहुंची और सड़क पर बेतरतीब खड़े ट्रेलर चालकों के खिलाफ धारा 283 के तहत वाहनों को जब्त किया गया।

**खास बात**

- पुलिस की विशेष टीम ने शहर में चलाया अभियान



ट्रेलर वाहन की जब्ती करती पुलिस की टीम।

उल्लेखनीय है कि शहर के इंदिरा स्टेडियम से लेकर सीएसईबी चौक में पिछले लंबे समय से ट्रेलर चालक सड़क पर मनमानी ढंग से वाहनों को खड़ा कर देते थे और जल्दी गुजरने के चक्कर में सड़क पर दो से तीन लेयर तैयार हो जाती थी। जिसकी वजह से सड़क में जाम की स्थिति निर्मित रहती थी और मार्ग से आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल, सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव, यातायात सउनि मनोज राठौर सहित पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की टीम रविवार को इस मार्ग पर पहुंचे और सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रेलर चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। सभी वाहनों को धारा 283 के तहत जब्ती की कार्यवाही की गई है। यातायात सउनि मनोज राठौर ने बताया कि अब निरंतर इस मार्ग में मनमानी ढंग से वाहन खड़ा करने वाले चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। सभी चालकों को निर्देश जारी किया गया है कि इंदिरा स्टेडियम से सीएसईबी चौक तक सड़क के किनारे ट्रेलर को पार्क नहीं करना है यदि ऐसे करते पाए गए तो धारा 283 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# 19 मार्च से चैत्र नवरात्रि, देवी मंदिरों में तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्रि इस वर्ष 19 मार्च से प्रारंभ हो रही है। संवत्सर के अंतिम दिन से शुरू होने वाली यह नवरात्रि ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत शुभ मानी जा रही है। इस बार शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थसिद्धि योग का विशेष संयोग बन रहा है, जिससे मां आदिशक्ति की आराधना को अत्यंत फलदायी माना जा रहा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस वर्ष मां जगदंबा डोली पर सवार होकर आएंगी। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि का शुभारंभ होगा। इस दिन अमावस्या तिथि उदयकाल में रहेगी, जबकि प्रतिपदा तिथि पूरे दिन रहेगी। इसी दिन हिन्दू नववर्ष का भी शुभारंभ होगा, जिसे जिले भर में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में कलश स्थापना और विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी जोरों पर है। हसदेव तट स्थित मां सर्वमंगला मंदिर, मां मड़वारानी, छुरीकला स्थित मां कोसगई मंदिर, चैतुरगढ़ स्थित मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर तथा सीतामणी स्थित वैष्णो दरबार सहित शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों को रंग-रोगन और आकर्षक झालर लाइटों से सजाया जा रहा है। श्रद्धालु मनोकामना पूर्ति के लिए ज्योतिकलश प्रज्वलित कराने मंदिर पहुंच रहे हैं। इस वर्ष जिले के विभिन्न मंदिरों में लगभग 15 हजार से अधिक ज्योतिकलश प्रज्वलित होने की संभावना है।



# अग्रवाल समाज ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल सभा कटघोरा, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन कटघोरा में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क जांच और परामर्श उपलब्ध कराना था।

**खास बात**

- 115 लोगों ने लिया लाभ



शिविर का लाभ उठाते समाज के लोग।

इस स्वास्थ्य शिविर में कटघोरा, कोरबा, पाली सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और शिविर का लाभ उठाया। कुल 115 लोगों ने इस शिविर में अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में आए मरीजों को विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में बिलासपुर से पधारे गैस्ट्रो एवं लिवर विशेषज्ञ डॉ. आकाश गर्ग तथा फिजिशियन एवं शुगर विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। दोनों चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। चिकित्सकों द्वारा मरीजों को खानपान, दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस शिविर में कई महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की गईं, जिनमें लिवर जांच, लिवर फंक्शन टेस्ट, हेपेटाइटिस बी एवं सी, कोलेस्ट्रॉल जांच, शुगर जांच तथा यूरिक एसिड जांच शामिल थीं। इस अवसर पर अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी एवं समाज के अनेक गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। समाज के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य जांच कराकर इस पहल का समर्थन किया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी
(स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

आप कितने स्वस्थ हैं? जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज ₹1500/- (20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज ₹2000/- (40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम् धाम यात्रा
21 अप्रैल, 28 अप्रैल, 19 मई, 02 जून 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411